


हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 11 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 बच्चों के विकास को प्रभावित करने वाली गंभीर समस्या ...



10 राज्य के जंगल बने बाघों के लिए कब्रगाह सालभर में ...




# धान पककर तैयार, खरीदी के दिन भी करीब, फसल कटाई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली त्यौहार मनाने के बाद किसान फसल कटाई में जुट गए हैं। धान कटाई एवं मिसाई के लिए मजदूर एवं बारदाने आदि की व्यवस्था की जा रही है। जल्द पकने वाला हरूना धान काफी पहले से पककर तैयार हो गया है, जिसे किसान मजदूरों एवं घर परिवार के साथ मिसाई में जुटे हुए हैं।

कुछ गांवों में धान कटाई के लिये मजदूर नहीं मिलने की बातें भी सामने आ रही है, जिसके कारण हार्वेस्टर का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि अधिकांश बड़े कृषक हार्वेस्टर मशीन से ही धान की कटाई कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि अधिकांश किस्म का धान खेतों में पककर तैयार हो चुका है। 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा धान की खरीदी शुरू होने के साथ उपार्जन केन्द्रों में बंपर आवक होगी। साधन संपन्न सक्षम किसान खेतों से पानी सूखने के बाद अब हार्वेस्टर से धान कटाई की मानसिकता बना रहे हैं। वहीं, धान रखने के लिए बाजार में बारदाने की पूछ-परख बढ़ गई है।

अब लगभग एक साथ फसल तैयार होने के बाद और धान खरीदी की तिथि समीप आने के कारण फसल कटाई की सभी किसानों को जल्दी है। इसलिए किसानों को मजदूर नहीं मिलने की बात सामने आ रही है। इसके कारण परिवार के लोग मिलकर फसल कटाई कर रहे हैं।

## इस पूरे खरीफ सीजन की मेहनत का फल सहेजने में जुटा पूरा परिवार



**कई जगह खेतों में गिर गए पौधे :** किसानों की इस पूरे सीजन की मेहनत का फल अब हाथों में आने ही वाला है। धान की फसल पककर तैयार हो गई है। बस कटाई बाकी है। लेकिन, इस अंतिम दौर में कई खेतों में धान के पौधे गिर गए हैं। ऐसे में किसानों को फसल कटाई में बहुत ज्यादा परेशानी होगी। वहीं, धान की पककर तैयार हो चुके दानों के खेतों में ही गिर जाने का खतरा भी पैदा हो गया है। साजा विकासखंड के भेंडरवानी गाँव के किसान सुनील वर्मा का कहना है कि धान की फसल में बुवाई से लेकर कटाई तक माहू, माकड़ी, ब्लास्ट एवं अन्य कीट प्रकोप के बाद फसल के झुकने का भय काफी बना रहता है। इससे बचने के लिए किसान बन्धु बड़ी मात्रा में कीटनाशक व अन्य उर्वरक का छिड़काव खेतों में करते हैं, जो आर्थिक रूप से काफी महंगा साबित हो जाता है। वहीं, धान के पौधे खेतों में ही गिर जाएं, तो उन्हें हार्वेस्टर व अन्य आधुनिक मशीनों से काटना असंभव हो जाता है। इसके कारण किसानों को परम्परागत तरीके से कटाई करनी पड़ती है। इसमें ज्यादा मेहनत के साथ ही ज्यादा समय भी लगता है, जो अन्नदाता किसानों के लिए काफी चिंताजनक है।

### धान खरीदी 14 से

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू की जाएगी। प्रशासन द्वारा जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान खरीदी से संबंधित सभी तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही बायोमेट्रिक अर्थेटिकेशन के आधार पर धान खरीदी करने के लिए सभी केन्द्रों को बायोमेट्रिक डिवाइस भी प्रदान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### लाटाबोड़ में जन समस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** जिले के बालोद विकासखंड के ग्राम लाटाबोड़ में 11 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

### देवउठनी एकादशी कल पूजा के लिए शाम 6.30 से 8.42 तक शुभ मुहूर्त

**बालोद।** मंगलवार को देवउठनी एकादशी का पर्व है। इस दिन तुलसी विवाह पूजन पूरे विधि विधान के साथ किया जाएगा। तुलसी पूजन के लिए शाम 6:30 बजे से रात 8:42 बजे तक का शुभ मुहूर्त है। तुलसी विवाह पूजन में गन्ने का विशेष महत्व रहता है। इस बार गन्ने की कीमत 50 रुपए से लेकर 200 रुपए जोड़ी तक बिकने की संभावना जताई जा रही है। तुलसी विवाह पर्व के कारण बाजार गुलजार हो रहा है। मान्यताओं से तुलसी विवाह के दिन से मांगलिक कार्यक्रम भी शुरू होंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु योग निद्रा से जागेंगे। तुलसी विवाह की तैयारी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रें में भी जोरदार तैयारी की जा रही है।

### शिवनाथ में कूदकर दी युवक ने जान

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने जान दी है। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुची। तीन गंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के मुताबिक युवक ने ग्राम पीपरछेड़ी शिवनाथ नदी ब्रिज के ऊपर से कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शव का शिनाख्त खुर्सीपार निवासी अमित कुमार के नाम से हुआ। सूचना मिलने पर टीम में डीप डाइविंग जवान दिनेश चंद्राकर, चंद्रप्रकाश, थानेश्वर धनीराम यादव, इंद्रपाल यादव, आशीष सिन्हा, महेश गंधर्व,सूरज भांडेकर,हबीब खान शामिल थे।

### अधिवक्ता के साथ धोखाधड़ी, जुर्म

**भिलाई।** अधिवक्ता के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।धमधा पुलिस ने बताया वार्ड 10 बनिया पारा धमधा निवासी अधिवक्ता अंकित दानी 3 जून को रेपिड मशीन मैनुफैक्चरिंग सूरत गुजरात की कंपनी से गेन्ट्री क्रेन पांच टन वाला खरीदने का सौदा किया। जिसकी कीमत 7 लाख 59 हजार रुपए बताई गई। पीड़ित ने क्रय कर राशि पहले एक लाख रूपये सूरज गुजरात निवासी प्रोपराइटर राजू गोहिल के खाता में ट्रांसफर किया। राशि को राजू गोहिल ने अपने कोटेशन में जमा करना बताया। 7 जून को राजू गोहिल ने गेन्ट्री ट्रेक और उसका ट्रैक कंपलीट होना बताने और शेष रकम 6 लाख 59 हजार रूपये मांगने लगा। पीड़ित बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा धमधा से आरटीजीएस के माध्यम से राजू गोहिल के खाता दोबारा उक्त रकम ट्रांसफर किया। पीड़ित ने राजू गोहिल को 7 लाख 59 हजार रुपए किया। लेकिन रुपए ट्रांसफर करने के बाद भी क्रेन नहीं आया।

## निकाय चुनाव से पहले आवासहीनों को दिया जाएगा पट्टा, 5 साल से बसा होना जरूरी

# आवास के लिए पालिका में 600 और नपं में 800 फीट तक भूमि का ही मिलेगा पट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव से पहले सरकार ने लोगों को बड़ा तोहफा देने का फैसला लिया है। लंबे समय से पट्टे का इंतजार कर रहे आवासहीन लोगों को अब सरकार पट्टा देने जा रही है। शहर में 600 फीट एवं नगर पंचायत इलाकों में अधिकतम 800 फीट भूमि के लिए पट्टा दिया जाएगा। इसकी अवधि 30 साल के लिए तय की गई है।

जिला प्रशासन ने अफसरों की ड्यूटी लगाने के साथ ही बैठक के बाद सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि आगामी महीनों में प्रदेशभर में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं। ऐसे में प्रदेश की भाजपा सरकार लोगों को साधने के लिए अब पट्टा वितरण का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रारूप-क में एक रजिस्टर तैयार करेगा। प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र के प्रत्येक कुटुम्ब के अधिभोग के अधीन भूखंड को दर्शाने वाली स्थल योजना तैयार करवाएगा। प्राधिकृत अधिकारी ऐसे क्षेत्रों का भवन या मुक्तस्त्रोत के नक्शे के आधार पर एक ले-आउट तैयार करेगा।




### अतिरिक्त भूमि छोड़नी होगी

आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि नगर क्षेत्र में 600 फीट एवं ग्रामीण इलाकों में 800 फीट तक भूमि का ही पट्टा दिया जाएगा। यदि कोई परिवार इससे अधिक भूमि पर कब्जाधारी है, तो उसे अतिरिक्त भूमि छोड़नी होगी। प्रशासन की यह जिम्मेदारी होगी कि वह यह तय करे कि अतिरिक्त भूमि से कब्जा हटा लिया गया है, तब ही उक्त परिवार को पट्टा जारी किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार दिवाली से ठीक पहले शासन ने सभी जिला प्रशासन को आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही 15 दिन में सर्वे कराने कहा गया है।

### पट्टे के लिए ये दस्तावेज जरूरी

पट्टा के लिए आवेदन करने वाले हितग्राहियों से सत्यापन के लिए 5 साल पहले जारी किए गए आधार या ड्राईविंग लाइसेंस, टेलीफोन या बिजली बिल, मतदाता सूची, जलकर भुगतान दस्तावेज, संपत्तिकर या समेकित कर पंजी जैसे दस्तावेज जरूरी होंगे।

### पट्टे उपयोग केवल आवासीय प्रयोजन के लिए

शासन द्वारा आवासहीन लोगों को अगले तीन दशक यानि 30 साल के लिए यह पट्टा जारी किया जाएगा। हालांकि इसके लिए निकाय द्वारा तय किए जाने वाला विकास शुल्क लिया जाएगा। वहीं, जिस भूमि के लिए पट्टा मांगा गया होगा, वहां उक्त परिवार का कम से कम पांच साल पूर्व से कब्जा होना जरूरी है। यह भी बता दें कि यह पट्टा केवल आवासीय प्रयोजन के लिए ही दिया जाएगा।

# कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस ने दिखाई सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कानून व्यवस्था सख्त करते हुए पुलिस महकमा क्षेत्र के नामी बदमाशों की खोज खबर ले रहा है। एसपी रामकृष्ण साहू के निर्देश पर पुलिस टीम ने जिले के साजा क्षेत्र के 6 निगरानी एवं 01 गुण्डा, 2 माफी बदमाशों को तस्दीक कर जहां चेकिंग की कारवाई की, वहीं थाने में उनकी परेड भी ली।

बेमेतरा पुलिस द्वारा सुरक्षा व कानून व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुये लगातार निगरानी बदमाश, माफी एवं गुण्डा बदमाशों, सजायाफ्ता, सस्पेक्ट की चेकिंग कारवाई जिले में की जा रही है। शनिवार को थाना साजा पुलिस ने क्षेत्रांतर्गत आने वाले 6 निगरानी एवं 1 गुण्डा, 2 माफी बदमाशों खैर खबर लेते हुए उन्हें सख्त हिदायत भी दी। थाना साजा पुलिस ने क्षेत्र के 06 निगरानी बदमाशों में साधेलाल पिता परगनिहा सतनामी उम्र 55 साल ग्राम मोहतरा, द्वारिका सतनामी पिता अंजोर दास सतनामी उम्र 60 साल मोहतरा,मजलूम ऊर्फ कर्रा पिता हामीद अली उम्र 45 साल इंदिरा नगर साजा, मुकेश निर्मलकर पिता राजेश निर्मलकर उम्र 23 साल ग्राम भरतपुर,ओम प्रकाश साहू ऊर्फ मोनू साहू पिता रामप्रसाद साहू उम्र 23 साल भरतपुर, गोपी सतनामी पिता सावंत सतनामी उम्र 50 साल ग्राम जगन्नाथपुर थाना साजा को थाना बुलवाया। इसके साथ ही गुण्डा बदमाश की सूची में शामिल पंचराम कुर्रे पिता सुकालू कुर्रे उम्र 47 साल कोदवा ओर 02 माफी बदमाशों में दर्ज सुखउ सतनामी पिता भगेला सतनामी उम्र 58 साल ग्राम जांता, लच्छन साहू पिता मुकुल साहू उम्र 60 साल ग्राम घोटवानी थाना साजा के इन ▶▶| शेष पेज 11 पर

# छाने लगा कोहरा, बढ़ने लगी ठंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में इन दिनों नवम्बर माह के आगमन के साथ ही ठण्ड के सीजन की भी शुरुआत हो गयी है। इस मौसमी बदलाव के बीच ही सूर्योदय के पूर्व अलसुबह शीतलहर का असर कोहरे के साथ दिखाई पड़ रहा है। वहीं, नमी की बढ़ोतरी के साथ ज़िले के औसत तापमान में भी काफी गिरावट आ चुकी है। लिहाजा देखा जाए तो हर साल की तरह ही ठण्ड के दौर का आगाज हो चुका है, जो आगामी दिसम्बर-जनवरी माह में कड़कड़ाती ठण्ड का एहसास कराएगा। फिलहाल ज़िले में ठण्ड की दस्तक हो जाने से ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्र तक के लोग सुबह-सुबह घरों के बाहर व्यायाम-योग एवं अभ्यास के लिए चलते फिरते नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी गर्म कपड़े पहने आमजन ज्यादा नजर नहीं आ रहे हैं, लेकिन घरों की आलमारियों से गर्म कपड़े निकाले जाने शुरू हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर सुबह अलाव भी जलने लगे हैं। हालांकि अभी ठण्ड की महज शुरुआत ही हुई है। आगामी दिनों में ठंड के बढ़ने से आम लोगों की जीवनशैली व दिनचर्या भी सीजन के हिसाब से परिवर्तित व प्रभावित हो सकती है।

## मां की डांट से नाराज होकर घर से निकला बालक, बेमेतरा पहुंचा

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय में 9 वर्ष का बालक अपने माता-पिता से बिछड़ कर रात लगभग 8 बजे बेमेतरा बस स्टैंड पर भटकते हुए पाया गया। नन्हे बालक को भटकता देख बस स्टैंड के सामने स्थित सतगुरु ट्रेडर्स के संचालक आकाश रोहरा ने अपनी दुकान में बैठाया और सिटी कोतवाली को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर बालक से उनके माता-पिता व ग्राम का नाम पूछा। बालक ने अपना नाम चंद्रशेखर व अपने पिता का नाम रोहित यादव, माता रुक्मिणी, दादा जगदेव यादव बताया। उसका गांव नवागढ़ के संबलपुर स्थित ग्राम कटई है जहां रहते हैं। बालक ने बताया कि व भिलाई से बस में बैठकर यहां पहुंचा हूं। उसके पिता भिलाई में मिस्त्री का कार्य करते हैं। बालक ने बताया किसी बात को लेकर उसकी मां ने उसे डांटा, जिससे नाराज होकर वह बस में बैठकर बेमेतरा पहुंच गया। पुलिस ने बताया कि बालक की जानकारी देने पर उसके परिवार जनों को सूचना दी जा रही है। उसके बाद बालक को सही सलामत उसके घर भेजने की व्यवस्था जाएगी।



# लाखों खर्च कर बने सामुदायिक शौचालय उपयोग के अभाव में अधिकांश हो रहे जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिम्मेदारों की अनदेखी व लापरवाही से फिसड्डी साबित हो रही शासन की योजना

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत अभियान के तहत गाँव-गाँव में निर्मित सामुदायिक शौचालय इन दिनों जिलेभर के अधिकांश स्थानों में महज शो-पीस स्मारक सा बनकर तैयार है, किन्तु निर्माण के बाद आज तक प्रशासन की अनदेखी व पंचायत जनप्रतिनिधि की लापरवाही के कारण सामुदायिक शौचालय का ग्रामीणों द्वारा कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है। इससे लाखों रुपये की बड़ी राशि से तैयार होने के बाद सामुदायिक शौचालय का भवन उपयोग के अभाव में बीते समय के साथ जर्जर हो रहा है। वहीं, कई इलाकों में तो बकायदा इसके अंदर दाखिल होकर सार्वजनिक शौचालय के सामानों को चोरी एवं तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इससे शासन की यह अहम योजना जमीन पर फेल हो रही है।




स्थानीय प्रशासन द्वारा भी इस सम्बन्ध में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, महज ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की इतिश्री लेने की होड़ में सरकार के पैसों की बर्बादी की जा रही है। ज्यादातर गाँवों में सामुदायिक शौचालय बन जाने के बाद ताला लटका हुआ रहता है जिससे इसकी उपयोगिता, गुणवत्ता, सुविधाओं एवं योजना के मकसद पर भी सवाल खड़े होता है, ज़िला प्रशासन को चाहिए कि तत्काल सभी ग्राम पंचायत में निर्मित हो चुके सामुदायिक शौचालय की उपयोगिता को लेकर कोई ठोस पहल की जाए, अन्यथा यह साल दर साल में उपयोग के बिना जर्जर एवं खण्डहर के तब्दील होकर शो पीस स्मारक बनकर रह जाएगा, जो काफी चिंता का विषय है।

## पुलिस चौकी मारो द्वारा ग्राम नगधा में चलाया गया जागरुकता अभियान

# ग्रामीणों को दी गई साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत “हमर पुलिस हमर बजार” एवं “हमर पुलिस हमर गांव” अभियान के माध्यम से आमजनों के बीच पहुंचकर पुलिस महकमा उन्हें विभिन्न अपराधों के प्रति सजग रहने जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस चौकी मारो के स्टाफ ने ग्राम नगधा में जनमानस को साइबर फ्राड, फर्जी काल, ठगी, नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में शिविर लगा कर जागरूकता फैलाई।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के लिए “हमर पुलिस हमर बजार” एवं “हमर पुलिस हमर गांव” अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से आमजनों को जिले के हाट-बाजारों एवं ग्रामों, स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री एवं अन्य स्टाफ ने ग्राम नगधा के ग्रामवासियों को सायबर, फर्जी काल, ठगी, नशा मुक्ति के खिलाफ, यातायात नियमों व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक करते हुए अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। वहीं, ग्रामीणों को यातायात के नियमों का पालन किये जाने एवं हेलमेट पहनने के लिए जहां प्रोत्साहित किया गया।




### लैंगिक शोषण से बचाव के लिए किया गया जागरुक

बालिकाओं व महिलाओं पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनकी रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव से संबंधित महत्तवपूर्ण जानकारी साझा करते हुए गुडटच व बेडटच, सेल्फ डिफेंस, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के संबंध में बताया। इसके अलावा पुलिस प्रशासन ने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। जनमानस को नशा नहीं करने संकलप दिलाया, वहीं इसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, ग्राम सरपंच थान सिंह वर्मा, पूर्व सरपंच राजेन्द्र सिंह वर्मा एवं ग्रामीणजन, पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

## हत्या की साजिश रचने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। हत्या की साजिश रचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जेल भेज दिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि दो दिन पूर्व एसपी जितेंद्र शुक्ला के पास एक वीडियो पहुंचा था। जिसमें आरोपी सुयश अस्पताल के पीछे बीएसपी कॉलोनी थाना सरस्वती नगर जिला रायपुर निवासी मनीष दास मानिकपुरी, शिव वाटिका फेस 1 कोपेडीह अमलेश्वर दुर्ग संदीप शर्मा, चंद्रमा चौक खुर्सीपार बॉबी सिंह और एक युवक अन्य इंस्टाग्राम पर हत्या की साजिश रचने की लाइव बात कर रहे थे। वीडियो में आरोपी भिलाई पावर हाउस के रहने वाले युवक की हत्या करने का प्लान था। छठ पूजा में हत्या करने की साजिश रच रहे थे। छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि आरोपियों ने प्लान के तहत छठ पूजा के दिन सभी पावर हाउस में इकट्ठा होने का प्लान कर रहे थे। फिर युवक को ठिकाने लगाने की बात वीडियो में कर रहे थे।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### सोनी समाज का दीपावली मिलन समारोह



**रायपुर।** सोनी (सोनार) समाज द्वारा कंकाली पारा भवानी शंकर मंदिर परिसर में गत दिनों दीपावली मिलन समोराह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष राजा सोनी और संस्थापक सदस्य सहित बुजुर्ग व्यक्ति से लेकर युवा पीढ़ी और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष श्री सोनी ने इस कार्यक्रम को लेकर बहुत प्रशंसा की और कहा कि आगे और बहुत कुछ करेंगे, रायपुर प्रदेश की राजधानी है, इस कार्यक्रम को और भी अच्छा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में महेश सोनी, लोकेश सोनी, अश्विनी सोनी, राजेश सोनी, अरुण सूरज सोनी, आदित्य सोनी, धर्मेंद्र सोनी, हेमंत सोनी, मनोज सोनी, संतोष, शेषनारायण, शिव सोनी एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शाामिल हुईं।

### मुख्यमंत्री साय ने दी आंवला नवमी की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को आंवला नवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में आंवला नवमी के दिन भगवान विष्णु और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। इस दिन को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। मान्यता है अक्षय नवमी के दिन किए जाने वाले पुण्यकार्य का अक्षय फल सभी को प्राप्त होता है और मां लक्ष्मी की कृपा होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि बढ़े, यह कामना की।

### आपसी सहयोग से प्रदान की जा सकती है व्यापक चिकित्सा

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा "स्पेशलिटीज़ में चुनौतियों कासमाधान" थीम पर आधारित मेडिसिन अपडेट 2024 का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर से 200 से अधिक प्रतिनिधियों शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने रोगी देखभाल को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न चिकित्सा विशेषताओं में एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग से ही व्यापक और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। मेडिकल कालेज के डीन. डॉ. आलोक अग्रवाल ने बदलते चिकित्सा परिदृश्य में साक्ष्य-आधारित चिकित्सा का अभ्यास करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. डॉ. सरिता अग्रवाल, डीन रिसर्च ने कहा कि ये पहल चिकित्सा ज्ञान को समृद्ध करने और रोगी देखभाल में सुधार लाने के लिए अनिवार्य हैं। कार्यशाला में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेणु राजगुरु, मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट, डीन एग्जाम डॉ. एली मोहपात्रा भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. डॉ. विनय आर. पंडित ने चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा प्रगति के साथ अद्यतन रहने और रोगियों के प्रति करुणा और सहानुभूति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

### ऑनलाइन सट्टा, धरा गया फरार सटोरिया

**रायपुर।** महादेव 364 पैनल से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले फरार आरोपी मोहित सोमानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। करीब 6 माह पूर्व एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट तथा गंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कोलकाता के न्यू टाउन गोलाबारी 24 परगना स्थित एक फ्लैट में दबिश देकर फ्लैट से 13 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 5 नग लैपटॉप, 36 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 12 लाख रुपए तथा 24 बैंक पासबुक एवं 24 नग एटीएम कार्ड जब्त किए थे। इस प्रकरण में आईडी लेकर पैनल संचालन करने वाला मुख्य आरोपी मोहित निवासी समता कॉलोनी रायपुर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिसे पुलिस तलाश रही थी। पुलिस टीम को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि मोहित रायपुर में है, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

# सर्व मांगलिक भवन बनाने जमीन नहीं खोज पाए, निर्माण शुरू नहीं होने से फंड भी वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोगों को मिलने वाली सर्व मांगलिक भवन की सुविधा अधूरी रह गई है। करीब तीन साल पहले अमलीडीह जोन क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त मांगलिक भवन बनने के लिए 3.55 करोड़ की मंजूरी मिली। इसके बाद निर्माण करने के लिए जमीन की तलाश शुरू की गई। इसमें समय लगने से नई सरकार के आते ही पैसा वापस हो गया। इससे आउटर के सात वार्डों की जनता को सुविधा मिलने से पहले सरकार से मिला पैसा भी वापस हो गया।

राजधानी के अमलीडीह जोन क्षेत्र में रहने वाली दो लाख से ज्यादा की आबादी को सर्व मांगलिक भवन की सुविधा के लिए फिर इंतजार करना होगा, क्योंकि निगम व जोन के जिम्मेदारों ने पूर्व सरकार से बजट मिलने के बाद निर्माण शुरू करवाने में विलंब किया है। वजह जांचने पर पता चला कि जुलाई 2021-22 में गुरु घासीदास नगर स्थित गार्डन में स्मार्ट सर्व मांगलिक भवन के लिए 20 हजार वर्गफीट जमीन तय की गई। इससे पहले कॉलोनी के लोगों से जिम्मेदारों ने किसी प्रकार की रायसुमारी नहीं की। नतीजा, यह हुआ कि जब जोन ने एजेंसी तय करके काम शुरू किया, तो कॉलोनी के लोगों ने निर्माण पर आपत्ति लगाते हुए कोर्ट में चुनौती दी। निर्णय के बाद भवन बनाने के लिए क्षेत्र में दोबारा जमीन तय करने सर्वे किया। जिम्मेदारों ने डूंडा में सरकारी जमीन तय की, लेकिन सीमांकन में विलंब के कारण काम शुरू नहीं हुआ।

## निगम ने जमीन जांचे बिना बनाया प्रोजेक्ट इसलिए लोगों को नहीं मिली सुविधा

### इकलौते भवन में जोन कार्यालय

जोन -10 में शामिल सात वार्ड के लोगों को अमलीडीह क्षेत्र में बनवाए गए सामुदायिक भवन की सुविधा भी नहीं मिल रही है, क्योंकि वहां पहले से ही जोन कार्यालय शुरू किया गया है। इससे लोगों को मांगलिक आयोजनों के लिए भवन की सुविधा का इंतजार है। जोन के सूत्रों ने बताया कि अभी तक नए सिरे से मांगलिक भवन और जोन कार्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव बनाना तो दूर जमीन भी तय नहीं हुई है। इससे जरूरत पड़ने पर लोगों को प्राइवेट भवन बुक करने पर मुंहमांगी कीमत देनी पड़ रही है। इसे देखते हुए शासन ने पहले सर्व सुविधायुक्त भवन के लिए प्रोजेक्ट बनवाने मंजूरी दी।



### पैसा वापस हो गया है

जिस प्रोजेक्ट की बात कर रहे हैं, उसे शुरू करने के लिए एजेंसी तय की गई थी। जमीन सीमांकन का मामला सुलझाने से पहले नई सरकार आने पर पैसा वापस ले लिया गया। अभी नए सिरे से प्रस्ताव बनाने के लिए कोई दिशा-निर्देश भी नहीं मिला है।

**- राकेश शर्मा**, आयुक्त, जोन-10, नगर निगम, रायपुर

## गोमर्डा के बाद बैकुंठपुर वनमंडल में बाघ के शिकार के बाद उठ रहे सवाल

# राज्य के जंगल बने बाघों के लिए कब्रगाह सालभर में दो की मौत, मॉनिटरिंग फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बैकुंठपुर वनमंडल में दो दिन पूर्व मृत अवस्था में वयस्क नर बाघ मिलने से राज्य में बाघों की सुरक्षा पर एक बार फिर से सवालियाना निशान लग रहा है। बाघ के शिकार की एक साल के भीतर यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व जनवरी में सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल में एक बाघ को मार कर गाड़ दिया गया था। बैकुंठपुर में बाघ की जो बॉडी मिली है, आशंका व्यक्त की जा रही है, ग्रामीणों ने बाघ को जहर देकर मार दिया है। बाघ की बॉडी रहवासी क्षेत्र में मिली है। वन विभाग को घटना की जानकारी दो दिन के बाद मिली।

रामगढ़ क्षेत्र के देवसील स्थित खनकोपर नदी के तट पर ग्रामीणों ने मृत हालत में बाघ को देखा। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी। बदबू आने पर लोगों को बाघ की मौत की जानकारी मिलने की बात कही जा रही है। बाघ की मौत आरेंज फॉरेस्ट में हुई है। जिस जगह पर बाघ की बॉडी मिली है, वह मध्यप्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र है। जहां बाघ की बॉडी मिली है, उस बाघ का बैकुंठपुर तथा कोरिया वनमंडल में कोई रिकार्ड नहीं है। इसीलिए संभावना व्यक्त की जा रही है कि बाघ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश का हो सकता है। बाघ की अब तक पीएम रिपोर्ट सामने नहीं आई है और न ही वन विभाग के अफसरों ने बाघ की मौत के कारणों का खुलासा किया है।



### एक वर्ष के भीतर दो बाघों की मौत

राज्य में बाघों का शिकार का एक साल के भीतर यह दूसरी घटना है। गोमर्डा में एक दशक के बाद पहुंचे प्रवासी बाघ की ग्रामीणों ने करंट बिछाकर शिकार किया था। शिकार करने के बाद ग्रामीणों ने मृत बाघ को जमीन में गड्ढा कर गाड़ दिया था। वन विभाग के अफसरों ने मुखबिर की सूचना पर मृत बाघ को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम करवाया था।

### दो साल पूर्व भी जहर देकर मारने की घटना

साल 2022 में इसी इलाके में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के सोनहत रेंज में एक बाघिन की मौत हुई थी। 4 लोगों पर जहर देकर बाघ को मारे जाने की बात सामने आई थी। चारों पर विभाग ने कार्रवाई की थी। इससे पहले 2018 में इसी क्षेत्र के सुकतरा गांव में एक बाघ की मौत हुई थी। अब क्षेत्र में बाघ के मारे जाने की तीसरी घटना सामने आई है।

### मॉनिटरिंग के दावे फेल

जिस बाघ की बॉडी मिली है, उस बाघ को एक पखवाड़ा पूर्व गुरु घासीदास नेशनल पार्क में देखा गया था। बाघ के देखे जाने के बाद बाघ की निरंतर मॉनिटरिंग करने के दावे किए जा रहे थे। ऐसे में सवाल उठता है कि बाघ की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी, फिर वन विभाग के अफसरों को बाघ की मौत की जानकारी घटना के दो दिन बाद क्यों मिली। इससे बाघ की मॉनिटरिंग के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### जहर देकर मारने की आशंका

बाघ की जिस हालत में बॉडी मिली है, उससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि ग्रामीणों ने बाघ को जहर देकर मारा हो सकता है। गौरतलब है कि बाघ किसी चारपाया की शिकार करता है तो वह उस चारपाया की मांस खाने के बाद छोड़ देता है। इसके बाद दूसरे दिन बाघ उस चारपाया की मांस खाने के लिए पहुंचता है। ऐसे में ग्रामीण बाघ द्वारा शिकार किए गए चारपाया की मांस में आसानी से जहर मिलाकर बाघ का शिकार कर सकते हैं।

### *दो दशक में 35 से ज्यादा बाघ की खाल जब्त*

*राज्य बनने के बाद दो दर्जन से ज्यादा बाघों की शिकार के साथ अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। इस दौरान वन विभाग के अफसरों ने राज्य के अलग-अलग वनमंडल में 35 से ज्यादा बाघों की खाल, अंग तथा अन्य अवशेष जब्त किए हैं। जिन लोगों के कब्जे से बाघों के अंग, खाल तथा अन्य अवशेष मिले हैं, उनमें से किसी को भी वन विभाग के अफसर अब तक कोर्ट में सजा दिलवाने में कामयाब नहीं हुए हैं। इसके चलते राज्य में शेड्यूल-1 प्रजाति के बाघ, तेंदुआ तथा अन्य वन्यजीवों की लगातार शिकार की घटनाएं सामने आ रही हैं।*

# रिटायर कुलपति से लेकर प्राचार्य और प्राध्यापक तक निजी विवि विनियामक अध्यक्ष की दौड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ निजी विवि विनियामक आयोग के अध्यक्ष का पद बीते कई माह से रिक्त है। फिलहाल कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में ब्रजेश सिंह मिश्रा पदस्थ हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही इसमें स्थायी नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस रेस में दुर्ग विवि की पूर्व कुलपति डॉ.अरूणा पल्टा, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के रिटायर प्राध्यापक टोपलाल वर्मा से लेकर दुर्गा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एसएस खनुजा तक के नाम शामिल हैं। एसएस खनुजा छग निजी विवि नियामक आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं। उनकी उम्र निर्धारित आयु सीमा से अधिक होने के कारण उनके नाम पर मुहर को लेकर संशय है।

राजधानी तथा दुर्ग के रिटायर प्राध्यापक, प्राचार्य और कुलपति के अलावा दूसरे जिलों तथा विश्वविद्यालयों से भी कुछ नामों को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। इनमें स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के पूर्व कुलपति प्रो.एमके वर्मा, मप्र के भोज विवि के संजय तिवारी और बीजी सिंह भी शामिल हैं। नवीन नियुक्ति को लेकर निश्चित तिथि की घोषणा नहीं की गई है। कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा ही संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। शासन संबंधित सूत्रों के अनुसार, दिसंबर अंत तक आयोग को स्थायी अध्यक्ष मिल सकता है।

### मॉनिटरिंग बनी चुनौती

गौरतलब है कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत कई तरह के बदलाव शासकीय और निजी दोनों ही विश्वविद्यालयों में किए जाने हैं। शासकीय विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग के अधीन सीधे तौर से आते हैं, जबकि निजी विश्वविद्यालय अप्रत्यक्ष रूप से। प्राइवेट यूनिवर्सिटी में नियमों के पालन संबंधित कामकाज प्रमुख रूप से निजी विवि नियामक आयोग द्वारा ही किए जाते हैं। एनईपी नियमों की मॉनिटरिंग करने विभाग को पसीना बहाना पड़ रहा है।

### हुई थी शिकायत

गौरतलब है कि निजी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रवेश तिथियों के निर्धारण में मनमानी को लेकर शिकायत सत्र प्रारंभ होने के पूर्व में आई थी। इसे लेकर प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन द्वारा आपत्ति दर्ज की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश के लिए तय की गई अंतिम तिथि के बाद भी प्राइवेट यूनिवर्सिटी छात्रों को दाखिले प्रदान कर रहे थे। इस दौरान भी निजी विवि विनियामक आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठे थे।

# 2058 सहकारी समितियों के 13 हजार कर्मचारी हड़ताल पर

- 14 नवंबर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर पड़ सकता है असर
- 3 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश व्यापी बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर की सहकारी समितियों में कार्यरत 13 हजार कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर हैं। 3 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों का कहना है, उनकी इस हड़ताल से प्रदेशभर में 14 नवंबर से शुरू होने वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर असर पड़ेगा। हड़ताली कर्मचारियों में सहकारी समितियों के प्रभारी प्रबंधक से लेकर लेखापाल, सेल्समैन के साथ भृत्य और चौकीदार शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनकी प्रमुख मांगों में प्रत्येक समिति को 3 -3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान राशि देने आदेशित करने, मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को वेतन व अन्य सुविधाओं का लाभ देने और सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने सहित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते हुए आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान शामिल है।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू ने कहा है कि सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी, रवि फसल ऋण वितरण, राशन वितरण प्रभावित होगा। कर्मचारियों ने इससे पूर्व दो चरण में आंदोलन कर अपने लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 18 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर सांकेतिक रूप से विरोध जताया।

# शासकीय बालक शाला में ईश्वरी ठाकुर ने कराया नेवता भोज



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में ईश्वरी ठाकुर ने नेवता भोज का आयोजन किया। इसके तहत बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ खीर, पूड़ी और केला वितरित किया गया। संकुल प्रभारी प्रदीप कुमार मेश्राम एवं संस्था के समस्त कर्मचारियों ने भोज का आनंद लिया। संस्था प्रमुख केके अलेन्द्र ने श्रीमती ठाकुर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मनोज देवांगन, लक्ष्मीचंद सोनवानी, लिख्मीचंद सार्वा, सतो धनकर की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन एलएस निषाद ने किया।

# अंगुली पर मतदान की स्याही दिखाई तो बिल में 5 फीसदी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

18वें विधानसभा के लिए राजधानी में हो रहे दक्षिण उपचुनाव के मतदान में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने अब हॉटल व्यवसायी भी आगे आए हैं। जीई रोड स्थित मंजू ममता रेस्टारेंट के संचालक ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर अपनी इस भावना से अवगत भी करा दिया है।



13 नवंबर को होने जा रहे रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में मतदाता को मतदान के लिए जागरूक करने अभियान के तहत मतदान के दिन मतदान के बाद ऐसे मतदाता जो अपनी अंगुली पर मतदान की स्याही दिखायेगा, उसे उस दिन हॉटल के बिल में 5 फीसदी छूट दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार यह छूट की प्रक्रिया 14 और 15 नवंबर को भी जारी रहेगी।

### डाक्टरों को मिला आश्वासन

**रायपुर।** एनपीए और प्रायवेट प्रेक्टिस मामले वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल द्वारा डाक्टरों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान संविदा सेवा देने वाले चिकित्सकों ने सीएमई को बताया कि उन्हें एनपीए नहीं मिलेता, इसलिए सरकार किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं कर सकती। संविदा डाक्टरों के वेतन में कोई बदलाव होता दिखाई नहीं दे रहा है। उनके द्वारा दशकों से नियमितिकरण का इंतजार किया जा रहा है।

# कमल विहार में मकान दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने कमल विहार में सस्ती दरों पर लोगों को मकान दिलाने का झांसा देकर साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने आरडीए की कंसलटेंट एजेंसी बनाकर 50 से ज्यादा लोगों को झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाया था। पुलिस के मुताबिक मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाने के आरोप में पुलिस ने माना निवासी राकेश मंडल तथा राखी निवासी पुनीत सिंह परिहार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इन दोनों आरोपियों द्वारा माइक्रोचिप आसमी होम्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से आफिस खोला गया था। आफिस खोलने के बाद लोगों से संपर्क कर उन्हें कमल विहार में मकान दिखाने के लिए ले जाते थे। साथ ही मकान दिलाने के नाम पर लोगों से साइनिंग अमाउंट हासिल कर मकान दिलाने के नाम पर लोगों को गुमराह करते थे। मकान नहीं मिलने पर लोगों ने आरडीए के ऑफिस में संपर्क किया, तब उन्हें अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।



*आरडीए की कंसलटेंट एजेंसी बताकर लोगों को झांसे में लेकर की थी ठगी*

## सड़क किनारे घुमंतु मवेशियों को हटाने फिर चलेगा अभियान

# आवारा मवेशियों को रखने सोलह गांव का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- प्रशासन का मवेशियों को लेकर नई पहल

सडक पर बैठे आवारा मवेशियों को रखने जिला प्रशासन द्वारा डेढ दर्जन गांव का चयन किया गया है। पूर्व कांग्रेस के गौठान स्कीम के बाद प्रशासन फिर मवेशियों को लेकर नई पहल की जा रही हैं।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभागों को निर्देश जारी किये। बैठक में सड़क किनारे आवारा पशुओं के बैठने, गौशाला एवं शासकीय भूमि के समतलीकरण हेतु 16 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। दुर्ग ब्लाक में ग्राम पंचायत ननकट्टी, जेवरा चंदखुरी, कोल्हापुरी, खपरी (सी), धमधा ब्लाक में मुरमुंदा, मुर्रा, नंदनी-ख़ुंदनी, पथरिया, कोड़िया, लिटिया, बरहापुर और पाटन ब्लाक में महुदा, किकिर मेटा, मर्रा, केसरा के ग्राम पंचायतों में आवांरा पशुओं को रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी।



### मवेशियों को पकडने टास्क फोर्स का गठन

बैठक में सीईओ ने कहा कि, मुख्य मार्गों पर बैठने वाले पशुओं को हटाने के लिए जनपद स्तर पर जॉइंट टास्क फोर्स का गठन किया गया जाए जिसमें पशु चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से सम्मिलित होंगे। जनपद की टीम में करारोपण अधिकारी विकास विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में सचिव, रोजगार सहायक, मेट को आदेशित किया गया है कि, वे पशु चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें।

### मवेशी मालिक की जिम्मेदारी तय होगी

मुख्य मार्ग के निकट पशुओं के आश्रय स्थल बनाए जाने तथा रख-रखाव की निगरानी की व्यवस्था, कांजी हाउस, गौशालाओं की क्षमता वृद्धि करने और अतिरिक्त गौशालाओं को आवश्यकता के आधार पर आंकलन के अनुसार गौशाला में व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पालतू पशुओं के मालिक की जिम्मेदारी तय किए जाने तथा मापदंड प्रावधान प्रस्ताव की जानकारी दी गई। बैठक में जनपद पंचायत पाटन एवं धमधा उपसंचालक पशु एवं सेवा विभाग, कार्यक्रम अधिकारी एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# हैंड बैग लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने हैंड बैग लूट मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 6 नवंबर सुबह साढ़े 9 बजे की है। प्रार्थिया नीरा सोनी निवासी मोहबा बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बैरन बाजार स्थित बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल में नर्स है। घटना दिनांक को वह सुबह घर से हास्पिटल जाने निकली थी। मोहबा बाजार चौक पर जब वह एक ऑटो से उतरकर दूसरे ऑटो में बैठकर जा रही थी, तभी जीई रोड के पास बाइक सवार तीन अज्ञात लड़के उसका हैंड बैग छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए तीनों आरोपियों विकास मरकाम निवासी कुकुरबेड़ा देवार बस्ती, सुंदरू देवार देवार बस्ती कुकुरबेड़ा एवं भूपेंद्र कुमार ध्रुव उर्फ बबलू 18 वर्ष निवासी रेलवे फाटक कोटा को गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप



### मनोज बने छग लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग संघ के प्रांताध्यक्ष के चयन के लिए संगठन के चुनाव अधिकारी पुष्पेंद्र चंद्रा द्वारा गुरुवार को रायपुर में चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें संगठन के निर्वाचन के बाद मनोज वैष्णव को छत्तीसगढ़ लेखा सेवा संवर्ग संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। श्री वैष्णव वर्तमान में ऑडिट सेल, संचालनालय कोष एवं लेखा, इंद्रावती भवन नवा रायपुर में पदस्थ हैं और 2017 बैच के हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश से अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारियों द्वारा निर्वाचन के माध्यम से उन्हें चुना गया। श्री वैष्णव ने संगठन के निर्वाचन में पधारे समस्त संवर्ग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### स्कूटी-ई-रिक्शा को आग लगाने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने स्कूटी एवं ई-रिक्शा को आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 7 नवंबर की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थिया सावित्री रगड़े ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी बाबूलाल पाटले निवासी जोरापारा ने उसके घर के पास आकर उसकी बेटी से झगड़ा करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह चला गया, लेकिन रात को वह वापस आकर उसके घर के सामने खड़ी स्कूटी और ई-रिक्शा को आग लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बटनदार चाकू बरामद किया तथा उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### जनजातीय गौरव दिवस मनाने की तैयारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के दौरान 14 एवं 15 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक जनजातीय गौरव पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें विषय विशेषज्ञ सहित कई राज्यों के आदिवासी कलाकार, आदिवासी कला संस्कृति के मर्मज्ञ शामिल होंगे। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी नर्तक दलों एवं कलाकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है।

## पेज 9 का शेष

### कानून व्यवस्था ...

बदमाशों को थाने में बुलाया। उन्हें अपराध से दूर रहकर शांति पूर्वक जीवन जीने की समझाइश दी गई। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, आरक्षक रामानुज जायसवाल, गोलु पटेल, पेट्रोलिंग पार्टी सहित अन्य थाना स्टाफ शामिल रहे।

# बस से जल्दी लोकल ट्रेन 37 मिनट में पहुंचेगी नया रायपुर, अभनपुर में लगेगा एक घंटा 10 मिनट का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर से अभनपुर के बीच लोकल मेमू ट्रेन चलाने की तैयारी रेलवे ने लगभग पूरी कर ली है। रेलवे ने दो मेमू ट्रेन की समय सारणी भी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक रायपुर से अभनपुर का सफर ट्रेन में एक घंटा 10 मिनट का होगा। वहीं सीबीडी स्टेशन यानी नया रायपुर पहुंचने में केवल 37 मिनट लगेगा। शहर से सिटी बस के जरिए नया रायपुर पहुंचने में 40 मिनट से अधिक का समय लग जाता है। ट्रेन से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा।

बता दें कि राज्योत्सव में ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन जब रेलवे की टीम सीबीडी स्टेशन जांच करने पहुंची, तो उन्हें कुछ कमियां नजर आई। अब इसे सुधारने के लिए रेलवे ने एनआरडीए को कहा है। सीबीडी स्टेशन एनआरडीए ने बनाया है। यात्री सुविधा से जुड़ी तकनीकी दिक्कतें दूर होने के बाद इस महीने रेलवे परिचालन शुरू कर सकता है।

## रायपुर से अभनपुर लोकल मेमू ट्रेन की रेलवे ने जारी की समय सारणी

### आठ बोगी की चलेगी दो मेमू ट्रेन

समय सारणी के अनुसार ट्रेन रायपुर से सुबह 9:00 बजे रवाना होकर 9:37 मिनट पर अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होगी। ट्रेन रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन में ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। इसके अलावा अभनपुर से रायपुर के लिए दिन की पहली ट्रेन सुबह 10:20 बजे मिलेगी, जो रायपुर 11:45 को पहुंच जाएगी। इसके बाद रायपुर से अभनपुर के लिए दूसरी ट्रेन 16:20 को रहेगी। वहीं अभनपुर से अंतिम ट्रेन रायपुर के लिए 18:10 को मिलेगी। बीच के स्टेशनों में 3 से 2 मिनट का ही स्टॉपेज रेलवे ने दिया है।



### स्टेशनों में भव्य स्वागत की तैयारी

8 साल के लंबे इंतजार के बाद रायपुर से अभनपुर के बीच फिर ट्रेन चलेगी। इन ट्रेनों का स्टेशनों में भव्य स्वागत किया जाएगा। रेलवे इसकी तैयारी कर रहा है। यात्रियों को भी ट्रेन में सफर करने का इंतजार है। बता दें कि अटल नगर, उद्योग नगर और मुक्तांगन स्टेशन का काम अभी अधूरा है। इन तीनों स्टेशनों का निर्माण पूरा होने के बाद ही इस रूट पर ट्रेन रुकने लगेगी। समय सारणी में इन स्टेशनों का समय निर्धारित हो गया है। फिलहाल यहां ट्रेन नहीं रुकेगी।

## जिला जेल परिसर में जैन संत ऋषभ सागर जी ने दिया व्याख्यान

# कर्म किसी को नहीं छोड़ता, चाहे वो वर्तमान काल का हो या भूतकाल का, वो लौटेगा ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला जेल परिसर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बालोद शहर में चातुर्मास के लिए पधारे परम ज्ञानी, गुरुभक्त, मृदुभाषी जैन संत ऋषभ सागर जी मसा ने कैदियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम मंगल गायन इतनी शक्ति हमें देना दाता से आरंभ करते हुए कहा कि जीवन सभी जीते हैं, उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, खट्टा-मीठा अनुभव, अच्छी-बुरी बातें ये सभी के जीवन में आती जाती रहती हैं।

- कैदियों से कहा-पूर्व में जो हो गया उसका प्रायश्चित करें

जब हम ईश्वर के नियमों का ईमानदारी से पालन नहीं कर पाते या करना नहीं चाहते, तब ही ऐसी विषम परिस्थिति का सामना यहां रहकर व्यक्ति को करना पड़ता है। गलत परिणाम को भोगना पड़ता है, क्योंकि बुरे कर्म आज नहीं तो कल सभी को भोगना पड़ेगा,कर्मों का उदय निश्चित है।

प्रबल पुण्यवाणी के चलते एक व्यक्ति ठाठ-बाट की जिंदगी जीता है, वहीं जिनकी पुण्यवाणी कमजोर होती है, उसकी दशा विपरीत होती है। मान, माया, लोभ के चक्कर में हमसे कुछ गलत कार्य हो जाते हैं या कभी कभी किसी को फंसाया भी जाता है, ये सब कर्मों का खेल है। कर्म आधारित क्रिया ही आज इसका परिणाम है, क्योंकि कर्म किसी को नहीं छोड़ता, चाहे वो वर्तमान काल का हो या भूतकाल का वो लौटेगा, यह तय मानकर चलिए। जो गलत



कार्य आप लोग कर लिए, उसके लिए अब प्रायश्चित कीजिए कि अब हम भविष्य में ऐसा कोई गलत कार्य नहीं करेंगे कि हमें दोबारा इस तरफ आना पड़े।

आप यह तय मानिए कि भले व्यक्ति का कोई भी बुरा नहीं कर सकता। जैसा बांटोगे वैसा मिलेगा। किसी प्यासे को पानी पिलाओगे तो खुद कभी प्यासे नहीं रहोगे। कृष्ण भगवान को भी जेल में जन्म लेना पड़ा था, तब तो हम उनके सामने एक साधारण मानव ही है। कर्मों का उदय निश्चित है, व्यक्ति को अपना आचरण, व्यवहार सुधारना चाहिए, नियमों का पालन ईमानदारी से करना चाहिए, धर्म से जुड़कर अपने पुण्य को प्रबल बनाना चाहिए। जिससे आप आपका परिवार खुशहाल रह सके।

कैदियों से रूबरू होते हुए जैन संत ने उनके लिए विशेष रूप से कुछ धार्मिक पुस्तकें जेल प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध कराते हुए निवेदन किया कि आज से आपके सम्मुख कोई भी व्यक्ति उपस्थित हो, तो यह सोचना कि हे परमात्मा इनका भी भला हो, इनको भी सम्मान मिले, आज की सभा में उपस्थित कैदियों द्वारा सरल, शांति पूर्वक श्रवण की अनुमोदना करते हुए साधुवाद दिया। प्रस्थान पूर्व जैन संत ने जेल प्रबंधन से भी मुलाकात करते हुए कैदियों के विषय में उनको नियंत्रण करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यकम में जैन समाज के बाबूलाल ढेलडिया, विकाश भंसाली, प्रदीप, खुश चोरड़िया, शुभम नाहटा, यश मालू उपस्थित थे। जैन श्री संघ, जैन चतुर्मास समिति ने जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन एवं विशेष रूप से जेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जेलर शोभा रानी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मड़ियापार में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शनिवार को ग्राम मड़ियापार में भेंट गोवर्धन पर्वत में गोपाष्टमी के अवसर पर पूजा अर्चना की गई। ग्रामीणों ने सुबह 10 बजे भेंट गोवर्धन पर्वत में पूजा अर्चना कर गौ माता को सोहई बांधी। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। शाम 4 बजे ग्राम निनवा तिल्दा रायपुर के कलाकार दुर्गा साहू द्वारा पंडवानी प्रस्तुति दी गई, जो शाम 7 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर गांव में मेला मड़ई जैसा माहौल था। ग्राम में श्री भेंट गोवर्धन पर्वत की चौथी वर्षगांठ मनाई गई। श्री भेंट गोवर्धन पर्वत की स्थापना गायों के संरक्षण एवं गाय पालने की प्रेरणा के लिए की गई।

इस अवसर पर जनपद सदस्य ममता चंद्राकर, सरोज साहू सरपंच, गोवर्धन पर्वत के अध्यक्ष आशीष शुक्ला, अश्वनी कुमार मकसूदन, कल्याण साहू, संतोष यादव, जगदीश साहू, केदार ठाकुर, शिवराम शुक्ला, राकेश शुक्ला, संजय मिश्रा, आलोक शुक्ला, योगेन्द्र मिश्रा, अंशुल, मयंक, विशु गुरु, नमामि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# अंतिम प्रकाशन के पहले ही विस के वोटरों के सूची से कट गए नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव के अंतिम प्रकाशन करने से पहले थोक में राजनीति दलों ने आपत्तियां लगा दी हैं। राजनीतिक दल विधानसभा में वोटिंग करने वाले वोटरों का नाम कांटने से खपा हो गए हैं। जिसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से भी की गई हैं। बहरहाल नगरीय निकाय के साठ वार्डो में करीब 1238 नामों के कांटे जाने की जानकारी सामने आने हैं, नेताओं के अनुसार इनके द्वारा लगाए गए आवेदन को भी खारिज कर दिया गया हैं।

जानकारी अनुसार कई ऐसे वोटर है, जिन्होने विधानसभा चुनाव में वोटिंग किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव में तकनीकि कारण से नाम हट गए हैं। इसे राजनीतिक दलों आयोग की गलती से नाम हटना बताया है। उन्होने नगरीय निकाय में वोटिंग करने निर्धारित प्रारूप के तहत आवेदन भी किया था। लेकिन आयोग द्वारा यह कहकर नाम निरस्त कर दिया गया है कि, इनका नाम लोकसभा की मतदाता सूची में शामिल नही था। नगरनिगम के चुनाव टीम के सदस्य दिनेश देवांगन का कहना है कि, लोकसभा में आयोग की गलती के कारण नाम कट गया था। जिसे आधार बनाना गलत हैं। उल्लेखनीय हैं कि,



आगामी नगरीय निकाय चुनाव हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक दावा आपत्ति मंगाने सभी मतदान केंद्रों में शिविर लगाया गया था। जिसमे प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा नाम नए जोड़ने काटने विलोपन तथा संशोधन हेतु आवेदन लिया गया है, जिसमे पूरे शहर के 60 वार्डो से नए नाम जोड़ने हेतु कुल 1236 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसके अधिकांश आवेदन को जांचकर्ता स्थानीय निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा आवेदन निरस्त किया जा रहा है और उनका कारण यह बताया जा रहा है कि, उनका नाम लोकसभा चुनाव के तहत 8 फरवरी 2024 को प्रकाशित की गई मतदाता सूची में पूर्व से दर्ज नही हैं। अभी निकाय के प्रकाशित मतदाता सूची में भी दर्ज नही दिखा रहा हैं।

### नए वोटरों ने भी लगाई अर्जी


निकाय चुनाव में बडी संख्या में नए युवा वोटरों ने भी रूचि दिखाई हैं। ऐसे लोगों ने भी मतदान केंद्र में अपना नाम जुड़वाने आवदेन किए है, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 पूर्ण कर लिए है या उससे अधिक कि आयु हो गई है। किसी कारण वश लोकसभा या विधान सभा चुनाव में नाम नही जुड़वा पाए थे। लेकिन दलों द्वारा आपत्ति इस बात की जताई गई है कि, कई ऐसे मतदाता भी है, जो विधान सभा चुनाव में वोट डाला था, किंतु लोकसभा चुनाव के मतदाता सूची में उनका आयोग की गलती की वजह से विलोपित हो गया था। जबकि उनके सभी परिजन का नाम भी दर्ज हैं, ऐसे मतदाताओं ने भी फार्म क 1 में आवेदन किया है। ऐसे सभी आवेदको का आवेदन स्थानीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के नियम को आधार बनाकर सभी आवेदन निरस्त किया जा रहा है। जिसके चलते कुल आवेदन के 95 प्रतिशत आवेदन निरस्त किया जा रहा है।

# पोस्टमैन घर पहुंचकर बनाएंगे डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पेंशधारियों को राहत देने के लिए डाक विभाग द्वारा अब घर पहुंच जीवित प्रमाण पत्र की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए दुर्ग संभाग के अंतर्गत प्रमुख डाकघरों में पेंशनभोगियों को सेवा प्रदान करने हेतुॐडिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इसकी सुविधा सभी पेंशनधारियों को मिलेगा।

जानकारी अनुसार डाकघर के पेंशनधारियों को 35 और दूसरे बैंक के पेंशनधारियों को सत्तर रूपए में प्रमाण पत्र बनाकर दिया जाएगा। अगर बुजूर्ग डाकघर तक नही पहुंच सकते तो वे पोस्टमेन से संपर्क कर घर में ही इसे बना सकेगें। पेंशनभोगियों डाकघर की इस सेवा का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी डाकघर



अथवा अपने क्षेत्र के पोस्टमेन से भी जानकारी ले सकते हैं। जानकारी अनुसार समाज कल्याण विभाग में ही 96 हजार से अधिक पेंशनधारी है, जिन्हें पेंशन के लिए हर साल प्रमाण पत्र बनाना जरूरी रहता हैं। अब इसे डिजिटल तरीके बनाया जाएगा।

### हर साल कराने होंगे नवीनीकरण

डाकघर के अधिकारियों ने बताया कि, जीवित प्रमाण पत्र का नवीनीकरण हर साल कराना होगा। क्योकि पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लिए प्रमाण पत्र देना जरूरी होता हैं। ऐसे में यह डिजीटल प्रमाण पत्र बनते ही अन्य खातों में स्वमेय यह लिंक हो जाएगा। ऐसे में बार-बार बुजूर्गों को प्रमाण पत्र देने की जरूरत नही पडेगी।





Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


# एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों नहीं मिलेगी आरक्षित सीटें लेकिन यूआर कोटे के लिए पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स सहित दूसरे राज्यों के छात्रों को स्टेट कोटे से आरक्षित वर्ग की सीटों का आवंटन नहीं किया जाएगा, लेकिन वे यूआर कोटे की सीटों के लिए पात्र हो सकते हैं। यानी एम्स के अभ्यर्थी को सीट मिलने पर अनारक्षित वर्ग की सीटें कम हो जाएंगी।

- सीजी डाक्टर फेडरेशन के सवाल पर स्वास्थ्य संचालनालय का जवाब

एम्स के छात्रों को राज्य कोटे की एमडी-एमएस की सीट अलॉट किए जाने के विरोध के दौरान छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन द्वारा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से इस मामले में कुछ जानकारी मांगी गई थी, जिस पर मिले जवाब के हिसाब से एम्स अथवा दूसरे राज्य के छात्र, जिन्होंने छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस किया है, उसे अनारक्षित वर्ग की सीटों के




लिए पात्र माना जाएगा। ऐसे छात्र राज्य कोटे की पचास फीसदी सीट पर एसटी, एससी, ओबीसी, ईडब्लूएस श्रेणी की सीटों के लिए पात्र नहीं होंगे। सूत्रों का कहना है कि इस हिसाब से एम्स के विद्यार्थी को अगर राज्य कोटे की सीट का आवंटन होता है, तो इसका सीधा नुकसान अनारक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। चिकित्सक संगठन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह का कहना है कि इस मसले पर भी चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा जाएगा, क्योंकि इसका सीधा नुकसान प्रदेश के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा।

### राज्य की 281 सीटें

राज्य के नौ मेडिकल कालेज में राज्य कोटे की कुल 281 सीटें हैं। इनमें सबसे अधिक 72 सीट रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में है। तीन निजी मेडिकल कालेज में भी राज्य और प्रबंधन कोटे की 160 और एनआरआई की 26 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। पिछले साल शासकीय कालेजों में पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई गई थी। वर्तमान में एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन का दौर चल रहा है, जिसकी अंतिम तारीख 12 नवंबर है। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा एडमिशन के लिए काउंसिलिंग शेड्यूल के हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य में कोरोना महामारी के बाद से मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर एडमिशन की तारीख में काफी विलंब होने लगा है।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी वरिष्ठ क्रिकेट टीम की होगी चयन स्पर्धा आज

**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 26 से 30 नवम्बर तक बोकारो में एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में 11 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इसमें बीएसपी की टीम का चयन किया जाएगा। चयन स्पर्धा में भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कार्मिक खिलाड़ी भाग ले सकते है। भाग लेने के लिए 11 नवम्बर को दोपहर 1. 30 बजे से पूर्व बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में निम्न चयनकर्ताओं श्री देवेष बनर्जी तथा श्री मोहन दास के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### सूने मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि स्ट्रीट 21 वार्ड 18 कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी चैन सिंह साहू छावनी में ऑपरेटर काम करता है। 1 नवंबर को मकान में ताला जड़कर परिवार के साथ ग्राम चिचा अर्जुन्दा जिला बालोद दीपावली मनाने गए हपए थे। 7 नवंबर की पीड़ित अपने काम पर निकल गया। दूसरे दिन सुबह काम से लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी के भीतर से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात नगदी दो हजार गायब मिला।

### खो-खो स्पर्धा में बालिका टीम ने जीता रजत पदक

**भिलाई।** बीएसपी की खो-खो बालिका टीम ने 10 वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ और जिला एमेच्योर खो-खो संघ, राजनांदगांव द्वारा 5 से 7 नवंबर तक लाटमेटा, जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई थी। बीएसपी टीम ने सेमीफाइनल में बिलासपुर की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में दुर्ग जिले की टीम से कड़े मुकाबले के बाद 2 अंकों से हार का सामना करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया।बीएसपी टीम की खिलाड़ी कुमारी झमीता साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। टीम का नेतृत्व कप्तान कुमारी अनुराधा सिंह ने किया और झमीता साहू, नम्रता यादव, सिमरन देशलहरा, युक्ता सिंह, रोशनी, खुशी सूर्यवंशी, और क्रिनशी गजपाल ने मिलकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के कोच सिकंदर भारती और प्रबंधक कुसुम मांझी थे।

### धान की जगह लें दलहन तिलहन की फसल

**बालोद।** गर्मियों में धान की जगह कम पानी में होने वाली दलहन-तिलहन फसल लेने के लिए किसानों को ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह जागरूक कर रहे हैं। वे किसानों को बता रहे हैं कि गर्मियों में ऐसी फसलों को लेने से भू जलस्तर कम नहीं होगा। ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह अब जिले के किसानों से मिलकर गर्मियों में धान की जगह कम पानी में पैदा होने वाली अन्य दलहन-तिलहन फसलों को लेने के लिए जागरूक और प्रेरित कर रहें।

**आयोजन : शासकीय विद्यालय दाढ़ी में बच्चों के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान**

# बच्चों के विकास को प्रभावित करने वाली गंभीर समस्या है बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



शासकीय उत्कृष्ट आत्मानंद बालक हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं शासकीय कन्या हाई तथा हायर सेकेंडरी स्कूल दाढ़ी में बाल संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को अंतरविभागीय टीम द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर, बाल संरक्षक विषय में-एक युद्ध नशे के विरूद्ध विषय पर जागरूक किया गया।

- बच्चों को बताए गए नशे के दुष्परिणाम, इनसे दूर रहने के लिए किया गया प्रेरित

इस दौरान बाल संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया।

उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी रोकथाम के लिए जिले में लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006-2बी के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम) तथा वधु (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम) अवयस्क या बच्चे हो, तब उसे बाल विवाह माना जायेगा।

बाल-विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है जिसके पूर्ण रोकथाम हेतु सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं इस कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन-जन को समझाना महत्वपूर्ण है, ताकि इसे प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णतः सुरक्षित रखा जा सके।

### बाल विवाह करने तथा करवाने वाले को होगी सजा

इसके साथ ही बताया गया कि 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरूष, यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला से विवाह करता है, तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपय तक हो तकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा असमें सहायता करता है उसे 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मलित होता है उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। किसी भी महिला को कारावास का दण्ड नही दिया जा सकता है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु समस्त छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में बालक/बालिका हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शाला तिवरैया की प्रधान पाठिका संतोषी ने दिया नेवता भोज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला तिवरैया, विकासखण्ड बेरला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत पोषक मूल्य में वृद्धि के उद्देश्य से शाला की प्रधान पाठिका संतोषी रजक ने बच्चों को नेवता भोज कराया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर नेवता भोज का आनंद लिया। प्राथमिक शाला तिवरैया की शिक्षिका रंजीता वर्मा ने बताया कि नेवता भोज समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। समुदाय को शाला से जोड़ने की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। शादी, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मोत्सव, तीज त्यौहार के महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्ण भोजन प्रदान कर बच्चों को नेवता भोज करा सकते हैं।

प्रधान पाठिका संतोषी रजक ने बच्चों को न्योता भोज कराया। इसके तहत बच्चों ने खीर, पूड़ी, दाल, चावल, पापड़ का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था के समस्त स्टाफ, रविशंकर टंडन, धानसाय बारमत, रंजिता वर्मा एवं संकुल प्रभारी व प्राचार्य हाईस्कूल तिवरैया से बोधी राम पुरैना उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में भारी लापरवाही, ब्लैक लिस्टेड हों ठेकेदार

## अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ निर्वाणी ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वाधिक लोक कल्याणकारी योजना को बेमेतरा जिले के कुछ ठेकेदारों ने लूट की योजना बनाकर पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग की ही हेल्थ खराब कर दी।

मोदी सरकार की बेहतरीन योजना के माध्यम से हर घर नल से जल पहुंचाने की संकल्पना को ही बिगाड़ कर रख दिया गया है। 45 प्रतिशत मामलों में जल जीवन मिशन के ठेकेदारों ने ग्रामीण अंचलों में काम के नाम पर जो गलियों की खोदाई की थी, उसे उसी हालात में छोड़ गए। नवागांव के रहवासी बताते हैं पाइप से पानी तो क्या हवा भी नहीं आती। नवलपुर के नरोत्तम टंडन बताते हैं कि पानी टंकियों में दरार है। गंभीर बात यह है कि उसमें पानी ही नहीं भरा आज तक। दुखदइया यादव बताती हैं कि नल के ढेंठि भर निकले हे बारी मं, ओमा गरुआ गाय बंधवात हे। धनगांव के बड़े किसान सुनील तिवारी ने बताया कि नल से पानी नहीं निकलता।



- काम के दौरान ग्रामीणों ने की लापरवाही बरतने की शिकायत

अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने बेमेतरा में विभाग के मुखिया जगदीश प्रसाद गौण को जमीनी हकीकत की जानकारी के लिए भौतिक सर्वे सत्यापन करवा सड़कों की हालात बिगाड़ने वाले और पानी से पैसा बनाने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डाल उनसे रिकवरी की कार्रवाई करने की मांग की है।

# रायपुर पहुंचे विधायक दीपेश, भाजपा के लिए मांगा वोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को बेमेतरा विधायक दिपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू ने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कुशालपुर नगर, साहू पारा, कर्मा चौक, संजय नगर, इंद्रा चौक, निजामुद्दीन पारा सहित कई वार्डों में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया।

- रायपुर दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में किया प्रचार



इस दौरान डोर टु डोर जनसंपर्क और छोटी-बड़ी बैठकों के माध्यम से पार्टी नेताओं ने क्षेत्र के मतदाताओं तक पहुंचकर सुनील सोनी के लिए समर्थन जुटाया। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा सुनियोजित और मजबूत प्रचार अभियान चला जनता को अपने पक्ष में करने को प्रयासरत है।

इस दौरान विधायक दिपेश साहू और विधायक ईश्वर साहू ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के मतदाताओं को भाजपा सरकार की विकास योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने सुनील सोनी को एक सक्षम और जिम्मेदार उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत उन्हें जिताने की अपील की। जनसंपर्क में उमड़ी महिलाओं-युवाओं की भीड़ और जनता का उत्साह देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल और भी ऊंचा हुआ है। नेताओं ने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें भाजपा की नीतियों एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में बताया। इस दौरान क्षेत्र के विकास, रोजगार, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक दिपेश साहू ने कहा कि 13 नवंबर को कमल निशान पर मिलने वाला हर वोट रायपुर दक्षिण में दोगुना विकास सुनिश्चित करेगा।

इस दौरान भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

**शासकीय प्राथमिक शाला खैरी में हुआ कार्यक्रम**

# सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक बने पीला राम को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला खैरी, विकास खंड साजा में 17 वर्ष सहायक शिक्षक के रूप में सेवा देने के बाद प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत होकर अन्यंत्र संस्था में जाने वाले प्रधान पाठक पीला राम वर्मा को विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी। आयोजक प्रधान पाठक नेमी राम रजक ने स्वागत भाषण देते हुए शिक्षक पीला राम वर्मा के संबंध में जानकारी दी।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पदोन्नत प्रधान पाठक पीला राम वर्मा ने कहा कि यहां के एक-एक पालक से मेरा परिवरिक संबंध है। मेरे स्कूल के सभी नन्हे नन्हें बच्चे भोले भाले और प्यारे हैं। मेरे सभी साथी शिक्षक शिक्षिका बहुत ही सरल स्वभाव व कर्तव्य निष्ठ और नवाचारी हैं। इन सभी से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। बच्चों को खूब आशीर्वाद सभी बच्चे खूब पढ़ाई लिखाई करे और अपना लक्ष्य को प्राप्त करें। मंच संचालन राजेंद्र रात्रे शिक्षक मिडिल स्कूल नवगांव गहिरा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदोन्नत प्रधान पाठक पीला राम वर्मा थे तथा अध्यक्षता सनत कुमार जंघेल शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने की।




विशिष्ट अतिथि जीवेश जंघेल सरपंच, संकुल प्राचार्य बोरतरा राम जीवन देशलहरे, पूर्व सरपंच ममता गंधर्व, राजाराम ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य, मुन्नालाल साहू संकुल समन्वयक बोरतरा थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका दीपिका वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही संस्था से जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित बालिकाओं उषा अदिति जंघेल और तेजल जंघेल के पालकों की ओर से संस्था को 10000 की राशि प्रदान की गई। साथ ही पदोन्नत प्रधान पाठक पीला राम वर्मा ने संस्था को ऑफिस टेबल भेंट किया।

# जिला और जनपद स्तर पर संविदा रिक्त पदों की कौशल परीक्षा आज

## 13, 14 और 18 नवम्बर को होगा साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

जिला एवं जनपद स्तर पर संविदा रिक्त पदों के (सहायक प्रोग्रामर-01, विकासखण्ड समन्वयक-01, तकनीकी सहायक-04, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर-02, लेखापाल एवं सहायक ग्रेड-03 का 01 पद) की भर्ती हेतु 25 सितंबर 2024 को वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 10.10.2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके लिए आवेदकों की पात्र/अपात्र सूची को जिले की वेबसाईट में अपलोड कर 28 अक्टूबर 2024 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गयी थी ।

संबंधित अभ्यर्थियों से पदवार प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण चयन समिति द्वारा किए गए परीक्षण उपरांत पदवार दावा-आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है।

अंतिम मेरिट सूची अनुसार 1:15 के अनुपात में कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की वर्गवार व पदवार सूची का प्रकाशन जिले की वेबसाईट पर कर दिया गया है।

उपरोक्तानुसार कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ पी.जी. भवन, शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में 11 नवंबर को सुबह 9 बजे से दस्तावेज सत्यापन के लिए एवं कौशल परीक्षा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थिति की स्थिति में उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी।

साक्षात्कार लिए जाने वाले पदों के लिए तिथि, समय एवं स्थान बेमेतरा क्लेक्टोरेट में होगा। तकनीकी सहायक का साक्षात्कार 13 व 14 नवंबर को 11 बजे से, विकासखण्ड समन्वयक 14 नवंबर तथा सहायक प्रोग्रामर 18 नवंबर को होगा।

# कस्तूरबा विद्यालय में मनाया गया आंवला नवमीं पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में रविवार को आंवला नवमीं के दिन आंवला की पूजा आरती की गई। कार्तिक मास की नवमीं तिथि को आंवला नवमीं मनाई जाती है। इस दिन के महत्व की जानकारी शिक्षिका राजकिरण मिश्रा ने बच्चों को दी। उन्होंने बताया कि इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करने से भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

इस दिन आंवला तथा आंवले के पौधे का दान करने का विशेष फल प्राप्त होता है। इस दिन किया गया दान कभी क्षय नहीं होता। इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे बैठकर भोजन, मिठाई, फल खाने से आरोग्यता की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है। सभी शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने आंवले के वृक्ष की पूजा विधि विधान से कर मिठाई फल खीर पूड़ी का प्रसाद लगाया। बच्चों को प्रसाद स्वरूप खीर पूड़ी, मिठाई तथा फल वितरित किया गया।

सभी बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने आंवले वृक्ष के नीचे प्रसाद ग्रहण किया। इस पर्व में अधीक्षिका भारती धृतलहरे शिक्षिका राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी, विजयलक्ष्मी परगनिया, सावित्री, दीप्ति सभी ने बच्चों को आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं दीं।

### प्राथमिक शाला अकोला में मनाई गई देवउठनी एकादशी

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में देवउठनी पर्व के अवसर पर बच्चों ने छत्तीसगढ़ी पारम्परिक वेशभूषा में सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी। शाला की प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने बच्चों को बताया कि भगवान विष्णु चार माह सोने के बाद जागते हैं। इन चार महीनों में भगवान विष्णु के सोने या देव शयन करने के कारण मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। भगवान विष्णु के पुनः जागने के बाद ही सभी मांगलिक कार्य शुरू हो पाते हैं। देव जागरण या उत्थान होने के कारण देवोत्थान एकादशी भी कहते हैं। साथ ही बच्चों को वृंदा और भगवान विष्णु से सबंधित कथा भी सुनाई। इस दिन यादव भाई गाय को सोहई भी बाँधते हैं। घरों में हाथा देते हैं और सभी की सुख समृद्धि की मंगल कामना करते हैं। शाला की शिक्षिका हेमलता ठाकुर ने बच्चों से कहा कि साल में 24 एकादशी होते हैं। बच्चों ने गमले में तुलसी का पौधा लगाया। गन्ना, जाम, केला, लाल रंग का वस्त्र, चंदन रोली, मौली, धूप दीप आदि से तुलसी की पूजा की। इस तरह बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ शाला में देवउठनी एकादशी मनाई।



